देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 144 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
सभी तबकों की
नुमाइंदगी



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 10 सितंबर 2024



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 25.0°

79924.77

2 बांग्लादेश की सरकार हुई सतर्क
7 यानिक सिनर ने रचा इतिहास

# हिमालय संरक्षण के लिए गठित होगी विशेष कमेटी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को हिमालय दिवस की दी शुभकामनाएं

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हिमालय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के सरोकारों से जुड़े विषयों के लिए महानिदेशक यूकॉस्ट दुर्गेश पंत के संयोजन में एक कमेटी बनाई जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने यूकॉस्ट द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय पांचवें देहरादून, अन्तरराष्ट्रीय साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फैस्टिवल के पोस्टर का विमोचन किया। यह महोत्सव 06 जनपदों देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ स्थित इंजिनियरिंग कॉलेजों में किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान सभी को हिमालय दिवस की शुभकामनाएं दी और हिमालय के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहे लोगों का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हर वर्ष 02 सितम्बर को बुग्याल संरक्षण दिवस मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। देहरादून में भी इस वर्ष तापमान में काफी वृद्धि हुई। अगर तापमान इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले समय के लिए चिंताजनक है। हमें हिमालय, जल और जंगल के संरक्षण की दिशा में मिलकर प्रयास करने हैं, सोचना होगा कि अपनी आने वाली पीढ़ी को विरासत में क्या देकर जा रहे हैं।



### प्रत्येक दिन हमें प्रकृति को बचाने का कार्य करना है: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमने तमाम आपदाएं देश-दुनिया मे देखी हैं। इस बार भी हमारे प्रदेश में कई जगह आपदा आई। पिछले साल हमने आपदाओं पर वर्ल्ड कांग्रेस का आयोजन भी किया। 29 नवंबर 2023 को यह आयोजन हुआ था और उसी दिन सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था। जब 17 दिन तक रेस्क्यू चल रहा था तो बहुत बार लगता था कि आज ब्रेक थ्रू होगा लेकिन कुछ न कुछ अड़चन आती रही। दुनिया भर की तकनीक उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग से हमें मिली और आखिरकार हम सभी को सकुशल बाहर निकालने में सफल रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय दिवस का यह आयोजन केवल एक सप्ताह का कार्य नहीं होना चाहिए बल्कि प्रत्येक दिन हमें प्रकृति को बचाने का कार्य करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के महत्व को हमें नई तरह से समझने की जरूरत है। जल स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। इसके लिए स्प्रिंग एण्ड रिवर रिज्यूवनेशन अथॉरिटी का गठन किया गया है। हिमालय हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसे बचाने की आवश्यकता है। उत्तराखंड पहला राज्य है जहाँ जीईपी की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में इकोलॉजी व इकॉनमी में संतुलन बनाकर विकास के कार्य किये जा रहे हैं। सरकार पौधरोपण, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है, लेकिन इन सब में जनसहभागिता की जरूरत है, तभी हम इन प्रयासों में सफल हो पाएंगे।

### हिमालय के संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाना जरूरी

विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि मध्य हिमालय के लिए विकास का मॉडल बनना जरूरी है। आज जिस तेजी से ग्लेशियर पिघल रहे हैं, यह चिंता का विषय है। हिमालय के संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाना जरूरी है। पूर्व में हमने हिमालयन यूनिटी नाम से एक संस्था बनाई। तब यह तय हुआ कि 9 सितंबर को हिमालय दिवस मनायेंगे। महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो दुर्गेश पंत ने कहा कि 02 सितम्बर से 09 सितम्बर तक हिमालय सप्ताह के रूप प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय संस्थानों और प्रदेश के अनेक संस्थानों में कार्यक्रमों के आयोजन कर हिमालय के संरक्षण और संवर्धन संबंधी अनेक विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी शिक्षक भर्ती में हाईकोर्ट के फैसले पर सुको की रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूपी में 69000 शिक्षक भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है जिसने नए सिरे से आरक्षण के प्रावधान के मुताबिक मेरिट लिस्ट बनाने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद से राज्य में इस फैसले का फायदा और नुकसान उठाने वाले लोग आंदोलन कर रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ कुछ कैंडिडेट सुप्रीम कोर्ट गए थे जिस पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है।

### अमानतुल्लाह खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को आप के विधायक अमानतुल्लाह खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अदालत से अमानतुल्लाह खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया था।

# गुजरात में फुड पार्क लगाएगा यूएई

## परमाणु ऊर्जा और पेट्रोलियम समेत इन 4 समझौतों पर दस्तखत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों ने समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता और एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड के बीच एक समझौता भी उन चार समझौतों में शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने भी बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। चौथा समझौता अबू धाबी तटवर्ती ब्लॉक-वन के लिए ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच उत्पादन रियायत समझौता है। भारत में फूड पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच एक अलग समझौता किया गया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी और युवराज अल नाहयान ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के उद्देश्य से भारत और यूएई के बीच बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "भारत-यूएई संबंधों में शानदार प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की।"

### यूएई में 35 लाख भारतीय रहते हैं

यूएई में करीब 35 लाख भारतीय रहते हैं। पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में यूएई को बतौर विशेष आमंत्रित देश न्योता दिया गया था। भारत की अध्यक्षता के दौरान जी20 समूह के लिए विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में यूएई को आमंत्रित किया गया था।

# 20 नामों का ऐलान, कांग्रेस को और टेंशन देगी आप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस तरह, राज्य में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की अटकलों पर विराम लग गया है। आप हरियाणा प्रमुख सुशील गुप्ता ने पार्टी की ओर से कैंडिडेट घोषित करने को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, आप पार्टी पूरी मुस्तैदी के साथ चुनाव लड़ रही है। आप पार्टी ने 20 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी की है। शाम तक दूसरी लिस्ट देखने को मिलेगी। अभी नामांकन में केवल 3 दिन बचे हैं। 3 दिनों के अंदर सभी उम्मीदवारों को पंक्तिबद्ध करना है। हमारे एक-एक सीट पर कई उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी एक अच्छा और मजबूत विकल्प है। मैं आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में नहीं पड़ना चाहता।

हरियाणा में आप-कांग्रेस गठबंधन के सवाल पर सुशील गुप्ता ने कहा, आम आदमी पार्टी व्यवस्था परिवर्तन को लेकर राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पूरे धैर्य के साथ मैदान में डटे हुए हैं। हमने पहले अपना धैर्य दिखाया और उसके बाद ही प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की गई।

### ऐलान

- हरियाणा में कांग्रेस से नहीं बनी गठबंधन पर बात

### आप-कांग्रेस के बीच क्यों नहीं हुआ गठबंधन

सूत्रों के अनुसार, आप 10 सीट की मांग कर रही है, जबकि कांग्रेस 5 सीट की पेशकश कर रही है। इससे पहले, आप की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता ने कहा था कि अगर शाम तक समझौता नहीं हुआ, तो उनकी पार्टी सभी 90 सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम जारी कर देगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# यह पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी नहीं: केंद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में एमपॉक्स वायरस का पहला मामला पाया गया है और इसे यात्रा-संबंधी संक्रमण के रूप में सत्यापित किया गया है। एमपॉक्स का पहला मामला भारत में आने से केंद्र सरकार अलर्ट है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसको लेकर कहा, एक युवा पुरुष मरीज, जो हाल ही में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) संक्रमण से जूझ रहे देश से आया था, की पहचान एमपॉक्स के संदिग्ध मामले के रूप में की गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया, एक मरीज में वेस्ट अफ्रीकन क्लेड 2 के एमपॉक्स वायरस की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। यह मामला जुलाई 2022 के बाद भारत में रिपोर्ट किए गए पहले के 30 मामलों के मुकाबले एक अलग मामला है और फिलहाल स्वास्थ्य आपातकाल (डब्ल्यूएचओ द्वारा रिपोर्ट) का हिस्सा नहीं है, जो कि एमपीओएक्स के क्लेड 1 के संबंध में है।

- भारत में एमपॉक्स वायरस का पहला मामला पाया गया
- पहले के 30 मामलों के मुकाबले एक अलग मामला

## न्यूज डायरी



### भारत के लिए अच्छी खबर! रोहिंग्या पर बांग्लादेश ने उठाया बड़ा कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने दक्षिण एशिया में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के लिए तेजी से पुनर्वास का एलान किया है। मुहम्मद यूनुस ने कहा कि म्यांमार और उसकी सीमा से सटे राज्यों में लगातार बढ़ रही हिंसा से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है।
म्यांमार की सत्तारूढ़ सेना और देश के बौद्ध बहुसंख्यकों से बनी एक शक्तिशाली जातीय मिलिशिया अराकान आर्मी के बीच लड़ाई तेज होने के कारण लगभग आठ हजार रोहिंग्या मुसलमान सीमा पार कर बांग्लादेश भाग गए हैं। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में भीड़भाड़ वाले शिविरों में पहले से रह रहे दस लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थियों में शामिल हैं, जिनमें से अधिकांश 2017 में म्यांमार में सैन्य नेतृत्व वाली कार्रवाई से भाग गए थे। बांग्लादेश के विदेश मंत्री मोहम्मद तौहीद हुसैन ने उन्होंने कहा कि बांग्लादेश अब और रोहिंग्या शरणार्थियों को स्वीकार नहीं कर सकता। लेकिन हुसैन ने भारत तथा अन्य देशों में रह रहे यहां के लोगों को अपने यहां वापस लेने की बात की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अराकान आर्मी पर राखीन प्रांत में रोहिंग्याओं पर हमले बंद करने के लिए और अधिक दबाव डालने का भी आग्रह किया। यूनुस ने कहा कि पुनर्वास प्रक्रिया आसान, नियमित और सुचारू होनी चाहिए।

### तुर्किये के राष्ट्रपति ने इजरायल के खिलाफ इस्लामी गठबंधन का आह्वान किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्तांबुल। तुर्किये के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने इस्लामिक देशों को एकजुट होने का संदेश दिया है। एर्दोगन ने ये अपील इजरायल के बढ़ते दबदबे को लेकर की है। उन्होंने कहा कि अगर इजरायल को रोकना है तो हमें एकजुट होना होगा। ज्नतामल के राष्ट्रपति ने आगे कहा कि इजरायल के शविस्तारवाद के बढ़ते खतरेश के खिलाफ एक गठबंधन बनाना चाहिए, जिस पर इजरायल के विदेश मंत्री ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। दरअसल, ये सारा बवाल तब मचा जब ये आरोप लगाया गया कि इजरायली सैनिकों ने शुक्रवार को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बस्तियों के विस्तार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाली एक तुर्किये–अमेरिकी महिला की हत्या कर दी। एर्दोगन ने इस्तांबुल के पास एक इस्लामिक स्कूल एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा, इजरायली अहंकार और इजरायली आतंकवाद को रोकने वाला एकमात्र कदम इस्लामी देशों का गठबंधन है। मिस्र और सीरिया के साथ संबंधों को बेहतर बनाने के लिए तुर्किये ने हाल ही में जो कदम उठाए हैं, उनका उद्देश्य विस्तारवाद के बढ़ते खतरे के खिलाफ एकजुटता दिखाना है। दूसरी ओर इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने एक बयान में कहा कि एर्दोगन की टिप्पणी एक खतरनाक झूठ और उकसावे वाली है और तुर्किये के नेता क्षेत्र के उदारवादी अरब शासन को कमजोर करने के लिए ईरान के साथ वर्षों से काम कर रहे हैं।

### ट्रूडो सरकार के इस फैसले से जिंदगी गुजारना होगा मुश्किल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओट्टावा। कनाडा में भारतीयों के सामने बड़ी मुश्किल शुरू होने वाली है। आवासीय संकट ने भारतीयों के लिए पहले ही कठिनाई बढ़ाई थी, इसी दौरान जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए काम के घंटे सीमित करने के फैसले को लागू कर दिया है। कनाडा में विदेशी छात्रों के के सबसे बड़े समूह के रूप में भारतीयों को इन बदलावों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कनाडा की सरकार ने आवास और स्वास्थ्य सेवा पर बढ़ते दबाव के बाद ट्रूडो सरकार ने देश में अप्रवासियों की संख्या कम करने का फैसला किया है। ताजा बदलाव इसी से प्रेरित है। भारतीयों के लिए यह आर्थिक संकट बढ़ाने वाला है। कनाडा सरकार के नए नियम के तहत अंतरराष्ट्रीय छात्र सप्ताह में केवल 24 घंटे काम कर सकते हैं। हालांकि, यह पिछली 20 घंटे की सीमा से 4 सप्ताह ज्यादा है, लेकिन महामारी के दौरान सरकार ने 20 घंटे की कार्य सीमा को माफ कर दिया था। अप्रैल में एक विज्ञप्ति में इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा ने कहा, श्इस बदलाव को विकसित करते समय हमने छात्रों की जरूरतों, दूसरे देशों की नीतियों और साथ ही शोध को देखा, जो दिखाता है कि छात्र ज्यादा पढ़ाई के दौरान काम करता है, अकादमिक परिणाम उतने ही कम होते हैं।

# हिंदू मंदिरों और दुर्गा पूजा पंडालों में तैनात होंगे मदरसा छात्र

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हुई सतर्क

रिपोर्ट

- दुर्गा पूजा को निशाना बना सकते कट्टरपंथी
- कहा– अशांति फैलाने पर होगी कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा अभी थमी नहीं है। इस बीच दुर्गा पूजा के दौरान हिंसा होने की आशंका है। कट्टरपंथी हिंदू त्योहारों को अपना निशाना बना सकते हैं। इस बीच बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार ने उपद्रवियों को कड़ी चेतावनी जारी की है। सरकार ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने और अशांति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

दुर्गा पूजा 9 से 13 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। बांग्लादेश सरकार ने दुर्गा पूजा के दौरान हिंदू मंदिरों में मदरसा छात्रों की तैनाती का आदेश



भी दिया है। बांग्लादेश के धार्मिक मामलों के सलाहकार डॉ. एएफएम खालिद हुसैन ने राजशाही जिले के गोदागरी में स्थित प्रेमतली गौरांग बारी कालीमंदिर का दौरा किया।

धार्मिक सलाहकार ने कहा कि अगर कोई मंदिरों में लोगों को परेशान करता है तो उसे हम नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने हिंदू समुदाय से अपने त्योहारों को उत्साह और धार्मिक भावना के साथ मनाने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी को भी उनके मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

धार्मिक मामलों के सलाहकार ने कहा कि अगर आपको अपने मंदिरों पर हमलों का डर है तो आप निश्चिंत रहें कि कोई भी अपराधी सफल नहीं होगा। हमने मदरसा छात्रों समेत स्थानीय लोगों को मंदिरों की रखवाली करने के लिए नियुक्त किया है। कोई भी धार्मिक त्योहार मनाने से नहीं रोकेगा।

बता दें कि पांच अगस्त को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद और देश छोड़ने के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ लगातार हिंसा का दौर जारी है। बता दें कि 1971 में बांग्लादेश की आबादी में 22 प्रतिशत हिंदू थे। अब यहां हिंदुओं की संख्या महज आठ फीसदी बची है। बांग्लादेश नेशनल हिंदू ग्रैंड अलायंस के मुताबिक हिंदु समुदाय को बांग्लादेश के 48 जिलों में 278 स्थानों पर हमलों और धमकियों का सामना करना पड़ा।

## 2036 तक चंद्रमा में होगा न्यूक्लियर पावर प्लांट!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। रूस चंद्रमा में न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाने जा रहा है। खास बात यह है कि इस परियोजना पर भारत भी रूस के साथ हाथ मिलाने को तैयार है। भारत ने रूस की इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर अपनी गहरी रुचि दिखाई है। रूस की इस परियोजना का उद्देश्य चंद्रमा में बनने वाले बेस को ऊर्जा की आपूर्ति करना है। खबर यह है कि रूस और भारत के साथ चीन भी इसमें शामिल होने को उत्सुक है।

रूस की सरकारी परमाणु निगम रोसाटॉम इस परियोजना का नेतृत्व कर रहा है। चंद्रमा में बनने वाले पहले इस परमाणु ऊर्जा संयंत्र से आधा मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा और यह बिजली चंद्रमा में बने बेस को भेजी जाएगी।

रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिखाचेव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ–साथ इस परियोजना में चीन और भारत ने खासी रूचि दिखाई है। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने एलान किया है कि चंद्रमा में परमाणु ऊर्जा संयंत्र बनाने पर काम चल रहा है। रूस और चीन संयुक्त रूप से इस पर जुटे हैं। 2036 तक इसे चंद्रमा में स्थापित कर दिया जाएगा। चंद्रमा में बनने वाला रूस का पहला परमाणु संयंत्र भारत के लिए भी खास है। भारत की योजना 2040 तक इंसान को चंद्रमा में भेजने की है।



## पाकिस्तानी नौसेना में शामिल हुआ बाबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत को टक्कर देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना ने दो नए युद्धपोतों को शामिल किया है। इसमें कार्वेती पीएनएस बाबर और ऑफशोर पेट्रोल युद्धपोत पीएनएस हुनैन शामिल हैं। इन दोनों ही युद्धपोतों को कराची में डॉकयार्ड में शामिल किया गया। इस दौरान पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी मौजूद थे। पीएनएस बाबर एक मल्टीपरपज युद्धपोत है और इसे तुर्की ने बनाया है। वहीं पीएनएस हुनैन को रोमानिया ने बनाया है। इस दौरान पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने कहा कि हिंद महासागर में नौसैनिक ताकत बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये दोनों ही युद्धपोत अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से लैस हैं। पाकिस्तान के नौसेना प्रमुख ने तुर्की के साथ अपने सैन्ध्य रिश्ते की जमकर तारीफ की। इन युद्धपोतों के शामिल होने से भारत के लिए हिंद महासागर में टेंशन बढ़ सकती है।

# जॉर्डन के पूर्व सैनिक ने दहलाया इजरायल, फायरिंग में 3 को मारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अम्मान। वेस्ट बैंक और जॉर्डन के मध्य बॉर्डर क्रॉसिंग पर तीन इजरायली नागरिकों की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना रविवार की है। इजरायली सेना के मुताबिक बंदूकधारी जॉर्डन से ट्रक में एलेनबी ब्रिज क्रॉसिंग के पास पहुंचा और इजरायली नागरिकों को अपना निशाना बनाया है। हालांकि जवाबी कार्रवाई में इजरायली सुरक्षा बलों ने उसे मार गिराया है।

हमलावर जॉर्डन का रहने वाला है। उसकी पहचान सेवानिवृत्त जॉर्डन सैनिक माहेर अल–जाजी के रूप में हुई है। इजरायल के

### जवाबी कार्रवाई में हमलावर किया गया ढेर

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमले की निंदा की। उन्होंने इसे ईरान और उसके सहयोगी आतंकवादी समूहों के साथ इजरायल के संघर्ष से जोड़ा। जॉर्डन के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि किंग हुसैन ब्रिज के पास हुई गोलीबारी की घटना की शुरुआती जांच में पता चला है कि शूटर जॉर्डन का नागरिक है। मंत्रालय के अनुसार प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि यह घटना एक व्यक्तिगत कृत्य है। हालांकि अभी जांच जारी है। बता दें कि जॉर्डन ने 1994 में इजरायल के साथ शांति स्थापित की थी। जॉर्डन के मंत्रालय के मुताबिक शूटर ने जॉर्डन से वेस्ट बैंक में वाणिज्यिक सामान ले जाने वाले ट्रक का चालक बनकर पुल को पार किया और घटना को अंजाम दिया। उसके शव को लाने की खातिर दोनों देशों के अधिकारियों के बीच बातचीत चल रही है। इजरायल हवाई अड्डा प्राधिकरण ने एलान किया कि उसने एलेनबी ब्रिज को बंद कर दिया है। इस पुल को जॉर्डन में किंग हुसैन ब्रिज के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा इजरायल ने ईलाट और जॉर्डन के अकाबा के बीच वादी अरब क्रॉसिंग और बेत शीआन और जॉर्डन के इरबिद के बीच जॉर्डन नदी क्रॉसिंग को भी बंद कर दिया है।

### भारत में उत्पादन न होने से बढ़ रही बेरोजगारीः राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है जबकि भारत और अमेरिका समेत पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। रविवार को डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, गांधी ने कहा कि भारत में कौशल की कोई कमी नहीं है और अगर देश उत्पादन के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दे तो वह चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकता है। उन्होंने शिक्षा प्रणाली पर 'वैचारिक कब्जे' का जिक्र करते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि व्यापार प्रणाली और शिक्षा प्रणाली के बीच की खाई को पाटा जा सके। गांधी अमेरिका की चार दिवसीय अनौपचारिक यात्रा पर हैं।

## न्यूज डायरी

### प्रदेश सरकार ने आंदोलनकारियों का सम्मान किया: नेताजी संघर्ष समिति

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष और राज्य प्राप्त आंदोलनकारी प्रभात डंडरियाल,और समिति के प्रमुख महासचिव ने सोमवार को एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारी को 10 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय को देर से उठाया गया लेकिन सही कदम बताया। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार ने ऐसा करके आंदोलनकारियों का सम्मान किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि चिन्हीकरण की प्रक्रिया पर जल्द विचार कर उस पर विराम लगाना चाहिए क्योंकि राज्य को बने काफी समय हो चुका है।

### टैग लगे निराश्रित पशुओं और फैले कूडे पर अधिशासी अधिकारियों को किया तलब

**संवाददाता** चमोली। नगर क्षेत्रों में टैग लगे निराश्रित पशुओं और जगह जगह फैले कूडे को देखते हुए जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने अधिशासी अधिकारियों का जवाब तलब किया है। जिलाधिकारी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा गया कि नगर क्षेत्र में टैग लगे पशु घूम रहे है और नगर क्षेत्र में फैले कूडे को खा रहे है। जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी नगर क्षेत्रों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि टैग शुदा पशु सड़कों पर न रहे और किसी भी प्रकार का कूडा खुले में सड़क पर नही दिखना चाहिए। टैग से पशु मालिकों की पहचान की जाए और पशुओं को आवारा छोड़ने पर चालान किया जाए।

# डीएम ने अधिकारियों को दिए शेष समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश

**जनता मिलन**

### विभिन्न विभागों से संबंधित 35 शिकायतें दर्ज, 19 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण


**संवाददाता**



रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनसंवाद/जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 35 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें 19 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में प्रधान ग्राम ललूड़ी शीला भंडारी ने पंचायत के बमणा गांव में पटालखानी तोक का सार्वजनिक रास्ते का पुस्ता बरसात के कारण क्षतिग्रस्त होने की जानकारी देते हुए इसे जल्दी ठीक करवाने की मांग की। सुमाड़ी निवासी महावीर सिंह एवं बसुकेदार मडगाड़ तोक ने घर के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन हटवाने की मांग की। मल्यासू ग्राम वासियों ने लोनिवि द्वारा जवाड़ी बाईपास से बॉसी मल्ला सड़क निर्माण के दौरान मलवा आने से गांव की पेयजल लाईन, बिजली के पोल सहित अन्य चीजें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। तूना निवासी सरोजनी देवी ने प्रधानमंत्री आवास एवं शौचालय योजना का लाभ देने की मांग जिलाधिकारी से की। जयमंडी निवासी सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने परिसीमन के दौरान जयमंडी निवासियों को इसकी सूचना न देने की शिकायत करते हुए परिसीमन की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध करवाने की अपील की। गीड़ निवासी मदन लाल ने गांव के एक व्यक्ति पर मारपीट एवं जीमन हड़पने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। तिलवाड़ा निवासी हपिंद्र सिंह ने नगर पंचायत में बंदरों के आतंक की जानकारी देते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। क्वीली निवासी रमेश लाल ने भारी वर्षा के कारण उनका मकान क्षतिग्रस्त होने की जानकारी देते हुए इसके लिए मुआवजा उपलब्ध करवाने की मांग की। पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशा डिमरी ने जवाड़ी स्थित थीम पार्क में सुरक्षा दीवार एवं नालियों का निमार्ण कर इसे सुरक्षित करने की मांग की। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा सहित संबंधित विभागों को मल्यासू ग्राम का आज ही मौका मुआयना कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

नगर पालिका ईओ को जयमंडी के परिसीमन संबंधित अभिलेख उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। वहीं बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि जनता मिलन कार्यक्रम में जो भी शिकायतें व समस्याएं दर्ज हो रही हैं प्राथमिकता के आधार पर उनका निरीक्षण कर एक सप्ताह के भीतर उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें।


"भारत रत्न"
पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त

(10 सितम्बर 1887 - 7 मार्च 1961)

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कुशल प्रशासक की जयंती पर

उत्तराखण्ड वासियों की ओर से शत्-शत् नमन

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR


### नवागत डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों एवं विभागों का किया निरीक्षण

**संवाददाता** चमोली। नवनियुक्त जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों एवं विभागों का निरीक्षण कर कमियों से परिचय और उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सभी कार्यालय कक्ष एवं परिसर मे बेहतर साफ–सफाई रखी जाए। रिकार्ड रूम एवं सभी पटलों पर अभिलेखों को व्यवस्थित और सुरक्षित रखा जाए।

जिला पूर्ति कार्यालय में निष्प्रोज्य सामान एवं विद्युत लाइन को ठीक करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित निर्वाचन कार्यालय के समीप कूडा कागज जलाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों का चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट के पूरे परिसर को स्वच्छ एवं साफ रखा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष, ओएसडी कक्ष, शिकायत अनुभाग कक्ष, मीटिंग हाल, सामान्य कार्यालय अनुभाग, अपर जिलाधिकारी कक्ष एवं न्यायालय कक्ष, मालखाना सहित आबकारी विभाग, पूर्ति कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय, सूचना विभाग, जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र आदि का निरीक्षण किया।



### बदरीनाथ धाम में शुरू हुआ पौराणिक कुबेर गली ठीक करने का काम

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देशों पर बद्रीनाथ धाम में पौराणिक आस्था पथ कुबेर गली की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। बरसात में मलबा आने से पुराना आस्था पथ क्षतिग्रस्त हो गया था। विगत रविवार को बद्रीनाथ धाम में निरीक्षण के दौरान तीर्थ पुरोहितों ने यह समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी थी। जिलाधिकारी ने जनभावना को देखते हुए कार्यदायी संस्था को तत्काल प्रभाव से पुराने आस्था पथ कुबेर गली को ठीक करने के निर्देश दिए थे। ताकि भगवान के विग्रह का रास्ता सुचारू रहे। इस पर कार्यदायी संस्था ने सोमवार से ही आस्था पथ ठीक करने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि नदी का जल स्तर कम होने के बाद यहां पर अभी हेवी मशीनरी से रिवर फ्रंट डेवलपमेंट और पौराणिक कुबेर गली का स्थायी रूप से निर्माण किया जाना है।

# सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना बताई प्राथमिकता

**संवाददाता।**

■जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने की प्रेसवार्ता

चमोली। नवागत जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता करते हुए मीडिया को अपनी प्राथमिकताएं बताई। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी की कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के समन्वय से जन कल्याणकारी योजनाओं को सीमांत क्षेत्र तक पहुंचाया जाएगा।

जनता की जो भी शिकायत है, उसमें रिस्पांस टाइम को कम से कम करते हुए शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाएगा। बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यो की प्रगति को लेकर मीडिया के सवालों पर जिलाधिकारी ने बताया कि मास्टर प्लान के कार्य अच्छी प्रगति के साथ चल रहे है। पहले चरण में गुणवत्ता के साथ करीब 70 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो गए है। जन भावना के दृष्टिगत आस्था पथ का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। नदी का जल स्तर कम होने पर दूसरे चरण के काम भी जल्द शुरू किए जाएंगे।

चारधाम यात्रा की दूसरे चरण और बरसात में क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति पर जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर भी यात्रा मार्ग संवेदनशील बना है उसको जल्द से जल्द ठीक कराया जाएगा। भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए जाएगें और चारधाम यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संचालित कराया जाएगा।



प्रेसवार्ता में वरिष्ठ पत्रकार क्रांतिभट्ट, देवेन्द्र रावत, रजपाल बिष्ट, प्रमोद सेमवाल, शेखर रावत, जगदीश पोखरियाल, पुष्कर चौधरी, विनोद रावत, महानंद बिष्ट, संदीप कुमार, मनोज बिष्ट, सुरेन्द्र गडिया, अर्जुन सिंह आदि मौजूद थे।

# व्यापार पर असर

**दोनों मिलकर कई प्रॉजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। इनमें भारत–बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन सबसे अहम है, जिसके जरिये हिंदुस्तान से रिफाइंड डीजल की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही, अपने इस पड़ोसी देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारत ने बहुत निवेश किया है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुआ छात्र आंदोलन सत्ता परिवर्तन तक जा पहुंचा। अतीत यही बताता है कि बांग्लादेश का संकट केवल उसका नहीं होता। जब–जब वह मुसीबत में घिरा है, तो उसकी परछाई भारत तक भी आई है। सवाल है कि इस बार वह परछाई कैसी और कितनी बड़ी होगी?

बांग्लादेश में ऐसे समय बदलाव हो रहा है, जब एक और करीबी पड़ोसी मालदीव के साथ भारत के रिश्तों में ठंडापन आया है। शेख हसीना की नीतियों में संतुलन था। घरेलू मोर्चे पर उनकी कार्यशैली को लेकर जो भी आलोचना रही हो, लेकिन विदेश मामलों में उन्होंने भारत, चीन और पश्चिम के बीच बैलेंस बनाए रखा था।

बांग्लादेश के साथ भारत के करीबी व्यापारिक रिश्ते हैं। दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा है बांग्लादेश। कोविड के बाद से दोनों के बीच ट्रेड में लगातार बढ़ोतरी हुई है। दोनों मिलकर कई प्रॉजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। इनमें भारत–बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन सबसे अहम है, जिसके जरिये हिंदुस्तान से रिफाइंड डीजल की आपूर्ति की जाएगी। साथ ही, अपने इस पड़ोसी देश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर भारत ने बहुत निवेश किया है। हालात अधिक वक्त तक काबू से बाहर रहे तो इन सब पर असर पड़ सकता है।



शेख हसीना का भारत के साथ कूटनीतिक और राजनीतिक ही नहीं, भावनात्मक नाता भी है। इसी वजह से वह आतंकवाद और चीन से जुड़ी भारत की चिंताओं को बेहतर ढंग से समझती थीं। उन्होंने अलगाववादी और कट्टरपंथी ताकतों पर काफी हद तक लगाम लगाकर रखी थी। भारत को सतर्क रहना होगा कि ये ताकतें कहीं फिर से सिर न उठाने लगें।

दोनों देश एक लंबी सीमा रेखा साझा करते हैं। बांग्लादेश में हालात बिगड़ते ही जिस तरह भारत में बॉर्डर पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई, उससे ही समझा जा सकता है कि वहां की घटनाएं हम पर किस तरह का असर डाल सकती हैं। भारत यह बिल्कुल नहीं चाहेगा कि पाकिस्तान और चीन के साथ अब एक और पड़ोसी से लगती सीमा पर उसके ज्यादा संसाधन खर्च हों।

छात्र आंदोलन जिस तरह से हिंसक होकर सत्ता परिवर्तन कराने वाली शक्ति में तब्दील हुआ, उससे कई संदेह पैदा होते हैं। इससे जुड़ा सवाल उठ रहा है कि क्या इसके पीछे पाकिस्तान और चीन का हाथ है? इस पूरे घटनाक्रम से अगर किसी का फायदा हो सकता है, तो वह है चीन, जो पड़ोसियों की अस्थिरता का फायदा उठाने से नहीं चूकता।

इस बीच पूर्व पीएम खालिदा जिया की रिहाई के आदेश दिए गए हैं। खालिदा को चीन और पाकिस्तान समर्थक माना जाता है। लेकिन जो भी सरकार आई है भारत को उसके साथ रिश्ते आगे बढ़ाने चाहिए।

## गलती का एहसास

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** उसे कुछ समझ नहीं आता, कि यह कैसे हुआ। तभी वह जाकर के वहाँ के लोगों से हड़बड़ाते हुए पूछता है, "यह आग कैसे लगी"? तभी गाँव के लोग बताते हैं। "बेटा हम यहाँ बैठे थे, अचानक तुम्हारे घर के अंदर से धुआँ निकलने लगा। हमें लगा तुम अंदर खाना बना रहे हो, लेकिन कुछ देर में तुम्हारे पूरे घर में आग फैल चुकी थी और हम सभी लोग इसे बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन रॉकी को अपनी गलती का एहसास हो रहा था। उसे लगा, कि अब गाँव वालों को मै क्या कहूंगा ? तभी अगले ही पल एक किसान दौड़ता भागता आता है और कहता है, "अरे चलो, देखो किसी ने हमारी फसलों में आग लगाने की कोशिश की है और गाँव की भीड़ अपने खेतों की तरफ भागने लगती है और रॉकी भी पीछे पीछे जाता है ताकि किसी को इस पर शक न हो।

**...शेष कल**

## संपादकीय

### जाति की गोलबंदी

बहस का एक अहम पहलू यह भी है कि क्या आरक्षण शिक्षा और बेरोजगारी के सवाल को हल करने में मदद करता है? क्या यह जातिवाद पर निर्णायक चोट करता है? यह वाकई दिलचस्प है कि आरक्षण के समर्थक तथा विरोधी, दोनों ही कभी भी संपूर्ण रोजगार की लड़ाई नहीं लड़ते। इसी तरह सामाजिक न्याय की राजनीति का अर्थ सिर्फ आरक्षण की मांग रह गया है। जाति व्यवस्था तोड़ने के लिए कोई सामाजिक आंदोलन नहीं है। आरक्षण और जाति की गोलबंदी आपस में इस तरह गुंथ गई है कि आरक्षण का विरोध करते रहे समूह भी अपने लिए आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्हें रोजगार पाने का सबसे आसान रास्ता यही दिखाई देता है। वे यह नहीं देख रहे कि आर्थिक नीतियों के कारण रोजगार के अवसर सिकुड़ गए हैं। संगठित क्षेत्र सात प्रतिशत से भी कम रोजगार देता है। कुल रोजगार में सरकारी रोजगार का प्रतिशत भी तीन से ज्यादा नहीं है। ऐसे में, आरक्षण की मांग को लेकर की जा रही जाति आधारित गोलबंदी से रोजगार तो नहीं मिलेगा, लेकिन सामाजिक विभाजन जरूर बढ़ेगा। जाहिर है, आर्थिक तथा सामाजिक बदलाव के व्यापक आंदोलनों के बगैर आरक्षण अपने लक्ष्य नहीं हासिल कर सकता है।

पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की। इस अभियान से देश का जन-जन जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है और यह अभियान एक जनांदोलन का रूप लेता दिखाई पड़ रहा है।

# सभी तबकों की नुमाइंदगी

अनिल सिन्हा।।

नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित आरक्षण एक ऐसा मुद्दा है, जो कभी भी बड़ी बहस छेड़ देता है। अभी यह मुद्दा विवादों में घिरी महाराष्ट्र की एक ॅै। अधिकारी के उस सर्टिफिकेट के कारण चर्चा में आया है, जिसमें उन्हें क्रीमी लेयर से बाहर का बताया गया है। यह लेयर पिछड़े वर्ग के उन लोगों को आरक्षण की सुविधा से बाहर रखने के लिए बनाया गया है, जिनके परिवार की सालाना आमदनी आठ लाख रुपये से ज्यादा है। लेकिन इस महिला अधिकारी का मामला सामने आने से पहले से महाराष्ट्र में मराठों को व्ठब कोटे के भीतर आरक्षण देने की मांग ने जोर पकड़ रखा है। देश के किसी न किसी हिस्से में आरक्षण का मुद्दा गरमाया ही रहता है।

संविधान सभा में आरक्षण पर हुई बहस का जवाब देते हुए बाबा साहेब आंबेडकर ने साफ किया था कि आरक्षण का प्रावधान करते समय इस बात का पूरा ख्याल रखा गया है कि यह अवसर की समानता के सिद्धांत का उल्लंघन न करे। उनका तर्क था कि नौकरी की ज्यादा सीटें सभी के लिए खुली रख कर अवसर की समानता का पालन हो सकता है। यही वजह है कि 50: से ज्यादा आरक्षण को न्यायपालिका गैर–संवैधानिक करार देती है। आंबेडकर विशेष





अवसर के साथ समान अवसर के सिद्धांत पर साथ– साथ चलने के हिमायती थे। दरअसल, निचले पायदान पर खड़े लोगों को ऊंचे पायदान पर खड़े लोगों के साथ स्वस्थ स्पर्धा के लिए तैयार करना समान अवसर के सिद्धांत को ही ताकत देता है।

हालांकि आरक्षण के खिलाफ तर्क देने वाले आज भी अवसर की समानता के सिद्धांत के उल्लंघन का आरोप लगाते हैं। वे दूसरा सवाल मेरिट का उठाते हैं। पहले आरोप का जवाब संविधान के प्रावधानों से ही मिल जाता है। दूसरे तर्क का उत्तर ढूंढना भी कठिन नहीं है। असल में, मेरिट की बात जाति के आधार पर चले आ रहे सदियों पुराने वर्चस्व को बनाए रखने के लिए ही की जाती है। डोनेशन देकर पढ़ाई करने वालों की मेरिट को लेकर शायद ही इस तरह का संदेह व्यक्त किया जाता है।

संविधान में आरक्षण का प्रावधान नौकरियों और शिक्षा में उन समूहों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया गया है जो गैर–बराबरी व भेदभाव के कारण इससे दूर रह गए हैं। आरक्षण जन्म आधारित जाति व्यवस्था को अपना आधार बनाता है, लेकिन उसे खत्म करने में अपनी भूमिका भी निभाता है। देश को संचालित करने वाले पदों पर सभी तबकों को प्रतिनिधित्व देने से समाज न केवल अधिक लोकतांत्रिक बनता है, बल्कि समाज में समता का रास्ता भी तैयार होता है।

आरक्षण को लेकर होने वाली बहस में क्रीमी लेयर यानी आर्थिक रूप से संपन्न परिवारों को आरक्षण की सुविधा से वंचित करने का मुद्दा काफी चर्चा में रहता है। इसी तरह उन परिवारों को आरक्षण की सुविधा नहीं देने की मांग अक्सर होती रहती है जिनकी एक पीढ़ी को यह सुविधा मिल चुकी है। आरक्षण समर्थक बुद्धिजीवियों का बड़ा तबका भी इन प्रावधानों के पक्ष में है। लेकिन ये सवाल वास्तव में जटिल हैं।

### अष्टयोग- 4938

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | | 7 | 4 | | | |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| | | | 6 | 4 | | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 4937 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

■ Jagranjosh.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### क्रीमी लेयर की सीमित उपयोगिता

**मोहन।** आजादी के इतने वर्षों के बाद भी सामाजिक यथार्थ में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। यह कहना मुश्किल है कि पद पाने से सामाजिक प्रतिष्ठा मिल ही जाती है और जाति का बंधन शिथिल ही हो जाता है। ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर के प्रावधान को मजबूत करने और आरक्षण पा चुके परिवारों को इस सुविधा से वंचित करने की मांग इन तबकों के बीच बन रही गैर–बराबरी को दूर करने के उपाय भर हैं। इसे आरक्षण के विरुद्ध सैद्धांतिक हथियार बनाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। जिन समूहों की सामाजिक और आर्थिक हैसियत वास्तव में बेहतर हो चुकी है, उन्हें आरक्षण से बाहर करने की बात सैद्धांतिक रूप में सही है। लेकिन इस समीक्षा के लिए जरूरी ईमानदार व्यवस्था नदारद है। भर्ती करने वाले तंत्र को लेकर यह शिकायत लगातार आ रही है कि 'योग्य उम्मीदवार नहीं मिले' कह कर वह पद खाली छोड़ देता है।






## मां श्रीदेवी के जन्मदिन पर तिरुपति पहुंचीं जान्हवी कपूर

बॉलीवुड की दमदार एक्ट्रेस श्रीदेवी की बर्थ एनिवर्सरी पर फैंस जहां एक ओर दिवंगत एक्ट्रेस की याद में उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं, वहीं परंपरा का पालन करते हुए जान्हवी कपूर मंगलवार को तिरुपति मंदिर पहुंचीं। अपनी मां के जन्मदिन पर वह हर साल यहां का दौरा करती हैं। पीली साड़ी और हरे रंग के पारंपरिक ब्लाउज में जान्हवी ने यहां मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस दौरान जान्हवी के कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया भी उनके साथ थे। जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर भी मां को याद करते हुए एक बेहद प्यारा पास्स्ट किया है। जान्हवी की मंदिर यात्रा का एक क्लिप शेयर किया है। इसमें वह पीले रंग की रेशमी साड़ी में पारंपरिक दक्षिण भारतीय आभूषणों के साथ सज रही हैं। शिखर पहाड़िया भी हर पल जान्हवी के साथ नजर आ रहे हैं। शिखर ने भी पारंपरिक दक्षिण भारतीय पोशाक वेष्टि पहन रखा गया है। दोनों मंदिर में घुटने टेककर भगवान बालाजी का आशीर्वाद लेते हुए भी दिख रहे हैं। जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर अपनी तिरुपति की यात्रा की तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें में एक में मंदिर की सीढ़ियां दिखाई दे रही हैं। इसे देखकर यही लगता है कि उन्होंने पैदल ही मंदिर तक चढ़ने की रस्म का पालन किया है।

## विक्रम की थंगालन की रिलीज पर संकट के बादल!

चियान विक्रम की थंगालन जहां एक ओर 15 अगस्त को पैन इंडिया रिलीज की तैयारी कर रही है, वहीं मद्रास हाई कोर्ट ने सोमवार को इस पर तत्काल रोक लगा दी है। इतना ही नहीं, उच्च न्यायालय ने सूर्या की कंगुवा की रिलीज पर भी रोल लगाते हुए नोटिस जारी किया है। दोनों ही बड़े बजट की तमिल फिल्में हैं। इनमें से कंगुवा का ट्रेलर सोमवार को ही रिलीज किया गया है और यह फिल्म 10 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने वाली है। जस्टिस जी. जयचंद्रन और जस्टिस सीवी कार्तिकेयन की बेंच ने केई ज्ञानवेलराजा के स्टूडियो ग्रीन प्रोडक्शन कंपनी को बुधवार तक आधिकारिक तौर पर दोनों फिल्मों के लिए ऑफिशियल असाइनी को एक–एक करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। जब तक यह राशि जमा नहीं होती, दोनों फिल्मों की रिलीज पर रोक के निर्देश हैं।

## कल्कि 2898 एडी का कलेक्शन सुन गाने लगेंगे तौबा तौबा



अमिताभ बच्चन और प्रभास स्टारर फिल्म कल्कि 2898 एडी इस साल बम्पर कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। फिल्म को रिलीज हुए 47 दिन बीत चुके हैं और इसने भारतीय फिल्मों के इतिहास में की झंडे गाड़े हैं। ये फिल्म टॉप इंडियन फिल्मों में चौथे नंबर पर है। हालांकि, फिल्म की कमाई अब घटने लगी है और सोमवार का कलेक्शन काफी हैरान करने वाला है। वहीं विक्की कौशल की श्बैड न्यूजश की कमाई भी घट चुकी है और श्डेडपूल एंड वुल्वरिनश मजबूती से खड़ी नजर आ रही है। करीब 6 हजार साल पहले महाभारत युद्ध की कहानी को आनेवाले 800 सालों के बाद की कहानी से जोड़ती कल्कि अवतार पर बेस्ड इस फिल्म ने क्रिटिक्स से जमकर तारीफें बटोरी हैं। ये दुनिया में बचे इकलौते शहर काशी की कहानी है जहां एक तरफ गरीब जनता है और वहीं उनका शोषण करने वाला एक सुप्रीम। फिल्म में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के किरदार में खूब जमे हैं और पूरी कहानी जैसे उनपर ही टिकी नजर आई है। भैरवा यानी प्रभास का सच फिल्म के अंत में दिखाया जाता है, जो इस फिल्म से अधिक अगले सीक्वल में मजेदार हो सकता है। कल्कि 2898 एडी ने जहां रविवार को 1.45 करोड़ रुपये की कमाई की, वहीं सोमवार को ये करीब 1 करोड़ 10 लाख नीचे आ गई है और फिल्म ने मात्र 35 लाख का कलेक्शन किया है। कुल मिलाकर इस फिल्म ने अब तक देश भर में 645.15 करोड़ की कमाई की। वर्ल्डवाइड फिल्म ने 1040.85 करोड़ की कमाई कर ली है।

# निखिल पटेल ने खोल दी दलजीत कौर की पोल–पट्टी!

*दलजीत कौर से साल 2023 में शादी करने वाले निखिल पटेल का एक लंबा–चौड़ा पोस्ट सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें उन्होंने लिखा है, दलजीत और मैं 2022 में दुबई में मिले और फिर मार्च 2023 में मुंबई, भारत में हिंदू रीति–रिवाज से शादी हुई। शादी के ठीक बाद हम नैरोबी, केन्या चले गए, जहां मैं एक ब्रिटिश प्रवासी के रूप में काम करता हूं और रहता हूं। हम जनवरी 2023 तक एक परिवार की तरह केन्या में साथ रहे, जब वो जेडन के साथ भारत लौट गईं।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**पहली पत्नी से कानूनी तौर पर तलाक नहीं हुआ था**

निखिल पटेल ने ये भी बताया कि दलजीत कौर केन्या जाने पर अड़ी हुई थीं। हालांकि, उन्हें पता था कि उनका पहली पत्नी से कानूनी तौर पर तलाक नहीं हुआ है। उनकी लीगल टीम ने दलजीत के माता–पिता को लेटर भेजा, जिसमें इस बात का जिक्र था। फिर भी दलजीत के पैरेंट्स ने अपनी बेटी की शादी करवाई। निखिल ने कहा, भारत में हमारा जश्न किसी भी तरह से कानूनी विवाह समारोह नहीं था। दलजीत को ये दिखावा करना कि हमने कानूनी रूप से शादी की है, जानबूझकर कपट है।

**निखिल ने कहा- दलजीत की केन्या में बहुत मदद की**

निखिल ने ये भी बताया कि बाद में वे दोनों अपने रिश्ते को लीगल बनाना चाहते थे, जब उनका तलाक हो गया। उन्होंने कहा कि दलजीत के केन्या आने के बाद उन्होंने उनकी काफी मदद की। यूट्यूब चैनल और पॉडकास्ट के लिए एक स्टूडियो भी दिया। वो स्क्रिप्ट लिखकर अपनी शॉर्ट फिल्मों को मार्केट में जारी कर भारत में काम हासिल करना चाहती थीं। निखिल ने कहा कि जब उन्हें ऐसा करके भी सक्सेस नहीं मिली, तब भी एक सपोर्टिंग पार्टनर के तौर पर उन्होंने हर प्रोजेक्ट में उनकी मदद की।



**नॉन–सेलिब्रिटी वाली जिंदगी नहीं जी पा रही थीं दलजीत!**

निखिल पटेल ने बताया कि दलजीत केन्या में नए नॉन–सिलेब्रिटी स्टेटस को अपनाने में सक्षम नहीं थी। उन्होंने कहा, एक और चुनौती केन्या में पहचान के अलग लेवल के साथ तालमेल बिठाने की भी थी, जिसकी वो इंडिया में आदी थीं। उन्हें केन्या में खुद को आम इंसान की तरह ढालना मुश्किल लग रहा था। जबकि भारत में उनकी अपनी पहचान थी।

**दलजीत ने जेडन को स्कूल से निकाल लिया था**

वो आगे कहते हैं, पिछले 8 महीनों में जब से दलजीत और जेडन केन्या से चले गए हैं, मैंने खुद को सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना पाया। दलजीत ने नए टर्म के सिर्फ चार दिन बाद ही जेडन को नैरोबी में फेमस ब्रिटिश इंटरनेशनल स्कूल से निकालने का फैसला किया। इसके बाद उन्होंने मेरी बड़ी बेटी को वॉयस नोट और मेरे दोस्तों को मैसेज के जरिए बताया कि वो केन्या को हमेशा के लिए छोड़कर भारत वापस लौटना चाहती हैं। वो आगे कहते हैं, इस साल जून में दलजीत केन्या आईं, लेकिन उनका उद्देश्य सिर्फ अशांति फैलाना था।

# मुनव्वर फारूकी ने मांगी माफी! लोग बोले– अक्ल ठिकाने आ गए



*मुनव्वर फारूकी के साथ एक और विवाद जुड़ गया। कोंकणी कम्युनिटी के खिलाफ एक शब्द से लोग इतने आहत हुए कि उन्हें पीटने और पाकिस्तान भेजने तक की धमकी दे डाली। मामला बढ़ता देख बिग बॉस 17 के विनर ने माफी मांग ली है। उनका वीडियो वायरल हो रहा है।*

बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारूकी ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें वो कह रहे हैं, श्मैं यहां पर कुछ क्लियर करने आया हूं। कुछ वक्त पहले एक शो हुआ था, जिसमें जोक भी नहीं किया गया। क्राउड वर्क था। दर्शकों से बातचीत हो रही थी। उसके चलते कोंकणी लोगों के बारे में कोई बात निकली। वो चीज थोड़ा आउट ऑफ कॉन्टैक्स्ट गई। कुछ लोगों को लगता है कि मैंने कोंकणी कम्युनिटी के बारे में बोला है। कोंकणी का मजाक उड़ाया है। नहीं दोस्तों! मेरा इरादा बिल्कुल भी ऐसा नहीं है।

**मुनव्वर पर भड़के बीजेपी नेता, पाकिस्तान भेजने की कही बात**

मुनव्वर फारूकी के कोंकणी समुदाय पर टिप्पणी करने के बयान के बाद मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर के ट्रस्टी और विधायक सदा सरवणकर इतने नाराज हुए कि उन्होंने मुनव्वर को पीटने वाले को 1 लाख रुपये का ईनाम देने का ऐलान कर दिया। दूसरी तरफ बीजेपी नेता नितेश राणे का भी गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मुनव्वर को सांप कहते हुए पाकिस्तान भेजने तक की बात कह दी।

**मुनव्वर ने हाथ जोड़कर मांगी माफी, वीडियो वायरल**

स्टैंड–अप कॉमेडियन ने आगे कहा, श्मैं अभी भी वही कहना चाहूंगा कि वो क्राउड वर्क था और उसी दौरान मेरे मुंह से वो चीज निकली। लेकिन मैंने अभी देखा कि कुछ लोगों को बुरा लग रहा है। तो बतौर स्टैंड–अप कॉमेडियन और जो मेरा काम है हंसाने का मैं नहीं चाहता कि कोई भी हर्ट हो। मैं बिल्कुल भी नहीं चाहूंगा कि किसी भी एंगल से कोई हर्ट हो। मैं तहे दिल से आप लोगों से माफी मांगना चाहूंगा। शो पर सब लोग थे। मराठी, मुस्लिम... सब लोग थे। लेकिन जब इंटरनेट पर इस तरह की चीज आती है तो पता चलता है। मैं माफी मांगता हूं। जय महाराष्ट्र, जय हिंद।

**मुनव्वर जा चुके हैं जेल, 2021 में हुआ था बवाल**

साल 2021 की बात है। मुनव्वर पर आरोप लगा था कि उन्होंने अपने प्रोग्राम में हिंदू देवी–देवताओं का मजाक उड़ाया था, जिसके बाद बहुत सारे लोग भड़क गए थे। विवाद इतना बढ़ गया कि उनके इवेंट कैंसिल करा दिए गए। यहां तक कि जेल की हवा भी खानी पड़ी थी।

# भयंकर से भयंकर शुगर को 3 हफ्ते में जड़ से खत्म कर देगा ये पाउडर



**एंटी डायबिटिक हैं काली मिर्च और मेथी दाना**
काली मिर्च और मेथी दाना के अंदर एंटी डायबिटिक प्रॉपर्टी होती हैं। काली मिर्च इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाती है और ब्लड शुगर को अचानक बढ़ने से रोकती है। मेथी दाना के अंदर फाइबर होता है जो खाने से शुगर के रिलीज होने की रफ्तार धीमी करता है। यह घरेलू उपाय इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ावा देने में भी मददगार है।

*ब्लड शुगर हाई होना बहुत खतरनाक स्थिति है। इलाज न करने पर इससे आंखें, नसें और किडनी खराब हो सकती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पुरानी से पुरानी डायबिटीज को इस पाउडर से 3 हफ्ते में कंट्रोल किया जा सकता है।*

डायबिटीज की बीमारी आखिरी सांस तक पीछा नहीं छोड़ती है। लेकिन क्या यह अंतिम सच है? बिल्कुल नहीं, अगर आयुर्वेद के उपाय किए जाएं तो कुछ ही समय में इस गंभीर बीमारी को कंट्रोल किया जा सकता है। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आपकी शुगर 300 से ज्यादा या 400 से भी ज्यादा हो गई है तो भी उसे मैनेज किया जा सकता है। हेल्थ ब्लॉगर और स्पीकर डॉ. निशांत गुप्ता ने बताया कि 30 साल पुरानी डायबिटीज को केवल 3 हफ्ते में यह पाउडर खत्म कर देगा। इस पाउडर को बनाना बेहद आसान और सस्ता उपाय है। इसे लेने से भयंकर से भयंकर शुगर का नामो निशान मिट जाएगा और फिर से एक हेल्दी लाइफ जी सकते हैं।

**डायबिटीज का दुश्मन है ये पाउडर**
डॉ. निशांत गुप्ता ने इस उपाय को करने का तरीका बताया है। इससे ब्लड शुगर का लेवल नॉर्मल रहने लगेगा। इसके लिए आपको ऊपर बताई गई सभी सामग्री को मिलाकर चूर्ण बना लेना है। जब चूर्ण तैयार हो जाए तो किसी एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें और रोज सुबह खाली पेट पानी के साथ सेवन करें।

**रामबाण है जामुन की गुठली और कलौंजी**
जामुन की गुठली शुगर कम करने में इतनी असरदार है कि इसके ज्यादा सेवन से भी मना किया जाता है। यह खाने से धीरे–धीरे शुगर निकालने में मदद करती है और इंसुलिन का उत्पादन बढ़ती है। कलौंजी खाने से शक्तिशाली एंटी डायबिटिक प्रॉपर्टी मिलती है। यह आयुर्वेदिक औषधि शुगर के मरीजों की हेल्दी लाइफ के लिए आवश्यक है।



## प्रेमानंद जी महाराज ने बताया ब्रह्म मुहूर्त में जागने का अचूक तरीका

जो सोवत है वो खोवत है, बचपन से हमें यह बात सीखाई जाती है। साइंस भी मानता है कि सुबह जल्दी उठने से शरीर को कई सारे ऐसे फायदे मिलते हैं जो कोई चीज नहीं दे सकती। आपका दिमाग, मन और शरीर तीनों स्वस्थ होते हैं और एकसाथ मिलकर काम करते हैं। इन तीनों की मदद से आप किसी भी मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं। आज के लोगों की जीवनशैली ऐसी हो गई है कि सुबह उठना सबसे मुश्किल काम बन गया है। पुराने लोगों की तरह 4 बजे या ब्रह्म मुहूर्त में उठने की बात को भूल जाइए। कई लोग तो ऐसे हैं, जिनकी आंख 4–5 अलार्म बजने के बाद भी नहीं खुलती। वृंदावन वाले स्वामी प्रेमानंद जी महाराज ने इस मुश्किल का हल बताया है। प्रेमानंद जी महाराज ने एक वीडियो में बताया कि सुबह 4 बजे से 6 बजे का समय ब्रह्म मुहूर्त कहलाता है। प्रेमानंद जी महाराज ने बताया कि सुबह 4 बजे उठने के लिए दो चीज आवश्यक हैं। पहला इच्छा शक्ति और दूसरा नियम। इन चीजों की मदद से आप किसी भी काम को पूरा कर सकते हैं। आपको सोने से पहले मन बना लेना चाहिए कि चाहे कुछ भी हो जाए इस वक्त पर आप बिस्तर छोड़ देंगे। जब आप रोजाना सुबह 4 बजे बिस्तर छोड़ देंगे तो यह नियम शरीर को कुछ ही दिनों में आदत डलवा देगा। एक बार आदत पड़ जाने के बाद शरीर को उठने के लिए अलार्म की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। आप एक वक्त के बाद बिस्तर पर लेट ही नहीं पाएंगे।

## सर्वाइकल के दर्द को एक रात में चूस लेगा ये पाउडर

अक्सर हम कंधे और गर्दन के दर्द को आम दर्द समझकर अनदेखा कर देते हैं, लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि यह सामान्य पेन ना होकर सर्वाइकल की समस्या हो सकती है। हालांकि आजकल इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से युवा इसका शिकार ज्यादा हो रहे हैं। इतना ही नहीं सर्वाइकल की समस्या किशोरों और बच्चों में भी देखने को मिल रही है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे गलत पोजीशन में सोना, लगातार बैठकर काम करना या फिर कोई एसिडेंट। जब किसी को सर्वाइकल की समस्या हो जाती है तो उसका उठना बैठना भी मुश्किल हो जाता है। दर्द गर्दन से धीरे धीरे कंधे और पीठ तक पहुंच सकता है। यहां तक की गर्दन घुमाने में भी तकलीफ होने लगती है और चक्कर भी आते हैं।
सर्वाइकल पेन से राहत पाने के लिए अक्सर डॉक्टर रेस्ट करने की सलाह देते हैं और कुछ एक्सरसाइज भी बताते हैं। कुछ मामलों में मरीज को दवाइयां भी दी जाती हैं।
सर्वाइकल पेन हड्डियों से जुड़ा है। यह दर्द गर्दन, कंधे, पीठ से रीढ़ की हड्डियों और कमर में भी पहुंच जाता है।

# ऐसे पकाकर खाएं अंडा, वरना अचानक बढ़ जाएगा मोटापा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*बैलेंस न्यूट्रिशन के मामले में अंडा टॉप फूड है। इसमें ऐसे कई पोषक तत्व होते हैं, जो दिल और दिमाग की सेहत के लिए वरदान हैं। ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने के लिए अंडे का सेवन अच्छा माना जाता है। अगर आप अंडे को अपनी बैलेंस डाइट का हिस्सा बना लें, तो कोई बीमारी आपको छू तक नहीं सकती। यही सोचकर कुछ लोगों ने नाश्ते में, तो कुछ ने लंच या फिर स्नैक के तौर पर अंडे को अपनी डाइट में शामिल कर लिया है। अगर आप भी अंडे खाने के शौकीन हैं, तो क्या आप जानते हैं कि आपको एक दिन में कितने अंडे खाने चाहिए। अगर नहीं, तो आइए आपको बताते हैं कि दिनभर में कितने अंडे खाना सेफ है और इसे ज्यादा खाने से क्या नुकसान होते हैं।*

**हर दिन कितने अंडे खाने चाहिए?**
भले ही अंडे विटामिन, मिनरल और हाई क्वालिटी प्रोटीन से भरपूर हों, लेकिन इनका बार–बार और ज्यादा सेवन करने से सेहत को नुकसान पहुंचता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, अगर अंडा आपके डाइट का हिस्सा है, तो दिन में सिर्फ एक अंडा खाना काफी है। कोशिश करें कि एक या दो अंडे का सफेद हिस्सा ही खाएं। लेकिन अगर आपको हृदय रोग या डायबिटीज है, तो आपके लिए कितने अंडे खाना अच्छा है, इस बारे में डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए।






**बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल**
अंडे की जर्दी में मौजूद डायटरी कोलेस्ट्रॉल ब्लड में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ा देता है। एक अंडे में लगभग 190 मिग्रा कोलेस्ट्रॉल होता है। इसलिए इनका जरूरत से ज्यादा सेवन करने पर कोलेस्ट्रॉल बहुत जल्दी बढ़ जाता है। यही बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल शरीर में कई गंभीर बीमारियों की वजह है।

**साल्मोनेला का खतरा ज्यादा**
अगर आप कच्चे या अधपके अंडे खाते हैं, तो साल्मोनेला इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ सकता है। खासतौर से गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चे, बुजुर्ग और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को इस तरह से अंडा खाने से बचना चाहिए।

**वेट गेन के लिए जिम्मेदार**
अगर आप नाश्ते में हाई कैलोरी वाला अंडा खाते हैं, तो आपका वजन बढ़ने की संभावना ज्यादा होती है। अच्छी सेहत के लिए आप अंडों को एवोकाडो या जैतून के तेल में पकाकर खाएंगे, तो वजन कंट्रोल में रहेगा।

**डायबिटीज का रिस्क बढ़ाए**
डायबिटीज केयर जर्नल में पब्लिश एक रिसर्च के अनुसार, जो लोग सप्ताह में सात से ज्यादा अंडे खाते हैं उनमें कम अंडे खाने वाले के मुकाबले टाइप 2 डायबिटीज बढ़ने का खतरा ज्यादा रहता है।

## फटाफट ठंडी बियर खींच मारो, खुद निकल जाएगी किडनी की पथरी?



किडनी में पथरी होना एक गंभीर और दर्दनाक स्वास्थ्य समस्या है. यह एक आम समस्या है जिससे बहुत से लोग पीड़ित रहते हैं. ऐसा माना जाता है हर ज्यादातर लोगों को अपने जीवनकाल में एक बार यह समस्या होती है. किडनी में कैल्शियम, ऑक्सलेट और यूरिक एसिड जैसे पदार्थों की बढ़ी हुई मात्रा के कारण पथरी बनती है। किडनी में पथरी होने पर दर्द होता है और पेशाब में खून आ सकता है। दर्द कितना होगा, यह पथरी की जगह पर निर्भर करता है। किडनी के अंदर या उसके ऊपरी हिस्से में पथरी से ज्यादा दर्द नहीं होता, लेकिन जब यह पेशाब की नली (यूरेटर) को बंद कर देती है, तो बहुत तेज दर्द होता है। यह दर्द इस कारण होता है कि पेशाब की नली में अचानक रुकावट से दबाव बढ़ जाता है। शुरुआती घंटों में दर्द बहुत तेज होता है, फिर धीरे–धीरे कम हो जाता है। चेन्नई स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेफ्रोलॉजी एंड यूरोलॉजी में कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. कृष्ण चैतन्य गुंडा के अनुसार, पथरी की वजह से पेशाब की नली डैमेज हो सकती है और बाद में यह नली संकरी भी हो सकती है। इसलिए पथरी का जल्दी इलाज जरूरी है, क्योंकि इससे बहुत दर्द होता है और किडनी को भी नुकसान पहुंचता है।



## सचिन और रूट में कितना अंतर?

टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर पहले नंबर पर हैं। 200 टेस्ट की 329 पारियों में सचिन के बल्ले से 15921 रन बने हैं। जो रूट अभी रन बनाने के मामले में छठे नंबर पर हैं। सचिन और रूट में 3519 रनों का अंतर है। रूट अभी 33 साल के ही हैं और अभी लंबा खेल सकते हैं। जून 2021 से रूट ने टेस्ट में 3785 रन बनाए हैं। वह इसी स्पीड से रन बनाते रहे तो करीब तीन साल में सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

# टेस्ट में संगकारा से रनों के मामले में आगे निकले जो रूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। जो रूट टेस्ट टेस्ट की हर पारी में कोई न कोई कमाल करते हैं। अगर उनका बल्ला नहीं भी चलता है तो भी रिकॉर्ड तोड़ देते हैं। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में रूट नहीं चले। इसके बाद भी उन्होंने कुमार संगकारा को पीछे छोड़ दिया। रूट टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में संगकारा से आगे निकल गए हैं। ओवल टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान रूट ने यह कारनामा किया। अपने टेस्ट करियर में कुमार संगकारा ने 12400 रन बनाए। उन्होंने 134 टेस्ट की 233 पारियों में ये रन बनाए थे। जो रूट ने अभी तक 146 टेस्ट खेले हैं। इसकी 267 पारियों में उनके 12402 रन हो गए हैं। संगकारा का औसत 57.40 का है तो रूट ने 50.62 की औसत से रन बनाए हैं। टेस्ट में 8500 से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में संगकारा का औसत सबसे बेहतर है। हालांकि रनों के मामले में अब वह रूट से पीछे छूट गए हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में नंबर दो पर पहुंचने से जो रूट ज्यादा दूर नहीं हैं। सचिन तेंदुलकर के बाद सबसे ज्यादा रन रिकी पोंटिंग के नाम है। 168 टेस्ट की 287 पारियों में पोंटिंग ने 13378 रन बनाए थे। रूट और पोंटिंग के बीत 1000 से भी कम रन का अंतर है।

# 26 साल के अनकैप्ड लेफ्ट आर्म पेसर ने भारतीय टेस्ट टीम में मारी एंट्री

**क्रिकेट**

## 19 सितंबर से चेन्नई में भारत-बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट

अर्शदीप और खलील को पहले टेस्ट की टीम में मौका नहीं मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम में काफी समय से बाएं हाथ का तेज गेंदबाज नहीं दिखा है। टी नटराजन भारत के लिए टेस्ट डेब्यू करने वाले आखिरी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज थे। ऐतिहासिक वाका टेस्ट में प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने की वजह से उन्हें मौका मिला था। भारतीय टीम को एक युवा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की टेस्ट में तलाश है। अर्शदीप सिंह ने टी20 में कमाल का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा खलील अहमद भी है। लेकिन दोनों को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की टीम में मौका नहीं मिला।

अर्शदीप की तरह खलील अहमद भी टीम इंडिया के लिए खेल चुके हैं। इन दोनों को नजरअंदाज करते हुए चयनकर्ताओं ने यश दयाल पर भरोसा जताया है। दयाल ने अभी तक भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है। उन्होंने इंडिया ए के खिलाफ दलीप ट्रॉफी मैच की दूसरी पारी में इंडिया बी के लिए तीन विकेट लिए थे। दयाल ने मयंक अग्रवाल, रियान पराग और ध्रुव जुरेल को आउट किया। ये सभी भारतीय टीम के लिए खेल चुके हैं।





यश दयाल यूपी के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। अभी तक खेले 24 फर्स्ट क्लास मैच में उनके नाम 76 विकेट हैं। उनकी बेस्ट बॉलिंग 48 रन देकर 5 विकेट है। 2018 में उन्होंने गोवा के खिलाफ अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग करवाते हैं। यही वजह है कि बल्लेबाजों के लिए उन्हें खेलना आसान नहीं होता है। इसके साथ ही निचले क्रम में वह काम चलाऊ बैटिंग भी कर सकते हैं।

यश दयाल के अलावा भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप को जगह मिली है। बुमराह का खेलना तय है। मोहम्मद सिराज का टेस्ट में शानदार रिकॉर्ड है, ऐसे में वो बुमराह के साथी बन सकते हैं। भारतीय पिचों में दो से ज्यादा तेज गेंदबाज शायद ही दिखें। यही वजह है कि आकाश दीप के साथ यश दयाल बेंच पर बैठ सकते हैं। हालांकि साल के अंत में भारत को ऑस्ट्रेलिया जाना है। दयाल टीम में बने रहे तो वहां मौका मिल सकता है।

# सिर्फ 55 रन मारकर जगह बचा ले गए सरफराज खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में चयनकर्ताओं ने 16 खिलाड़ियों की टीम चुनी है। 19 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर पहला टेस्ट खेला जाएगा। भारतीय टीम में सरफराज खान अपनी जगह बचाने में सफल रहे हैं। विराट कोहली और केएल राहुल की वापसी के बाद भी सरफराज टीम में बने हुए हैं।

सरफराज खान ने भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में डेब्यू किया था। अपने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में उन्होंने फिफ्टी ठोकी थी। इसके बाद तीसरे टेस्ट में भी अर्धशतक लगाया। सरफराज दलीप ट्रॉफी में इंडिया बी का हिस्सा हैं। पहले मैच

■181 रन ठोक कर भी बाहर बैठेगा ये नौजवान

■बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान

में इंडिया ए के खिलाफ उन्होंने पहली पारी में 9 तो दूसरी पारी में 46 रन बनाए। वह इसके बाद भी टीम इंडिया में अपनी जगह बचाने में सफल रहे।

सरफराज खान के भाई मुशीर ने इसी मैच में इंडिया ए के लिए 181 रनों की पारी खेली थी। इंडिया ए के 94 रन पर 7 विकेट गिर गए थे। यहां से मुशीर को नवदीप सैनी का साथ मिला। दोनों ने 205 रनों की साझेदारी बनाई। मुशीर ने इससे पहले रणजी ट्रॉफी के फाइनल में भी शतक बनाया था। रणजी के क्वार्टर फाइनल में 19 साल के इस बल्लेबाज ने दोहरा शतकीय पारी खेली थी। बल्लेबाज के साथ ही वह बेहतरीन स्पिनर भी हैं।

मुशीर खान टॉप ऑर्डर बल्लेबाज हैं और वहां टीम इंडिया में जगह भी नहीं है। नंबर 3 पर खेलने वाले शुभमन गिल खुद युवा हैं। चार नंबर पर तो विराट कोहली ही खेलते हैं। ओपनिंग में रोहित और यशस्वी जायसवाल हैं। ऐसे में मुशीर खान के लिए आने वाले समय में भी टीम इंडिया में जगह बनाना आसान नहीं होगा।

**पहले टेस्ट मैच के लिए टीम इंडियाः** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

## ऋषभ पंत की 20 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। बांग्लादेश के विरुद्ध 19 सितंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले के लिए रविवार को 16 सस्यीय भारतीय टीम घोषित की गई, जिसमें विकेटकीपर-बल्लेबाज रिषभ पंत की 20 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी हुई है। इंग्लैंड के विरुद्ध पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर रहने वाले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की भी टीम में वापसी हुई है। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कप्तान रोहित शर्मा की मुंबइया स्टाइल भाषा पर चुटकी ली है। रोहित मैदान पर अपनी इस स्टाइल में ही बात करते हैं। कई बार उनकी बातें स्टंप माइक में कैद हो जाती हैं और वायरल भी। पंत ने कहा है कि उन्हें रोहित की मुंबइया स्टाइल भाषा कभी समझ में आती है कभी नहीं। पंत और रोहित के बीच में मैदान पर कई बार मस्ती मजाक देखा गया है। टेस्ट मैच में एक बार फिर इन दोनों की जोड़ी दिखाई देगी।

## न्यूज डायरी



## इटली के यानिक सिनर ने जीत के साथ रचा इतिहास, टेलर फ्रिट्ज को हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। इटली के टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने यूएस ओपन 2024 के पुरुष सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में उनकी टक्कर अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से थी। सिनर ने सीधे सेट में फाइनल को 6-3, 6-4, 7-5 से अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही वह यूस ओपन के खिताब जीतने वाले पहले इटैलियन खिलाड़ी बन गए हैं। 23 साल के सिनर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिलाड़ी हैं। यानिक सिनर ने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन भी जीता था। इस सीजन उन्होंने 55 मुकाबले और 6 खिताब जीते हैं। इस जीत से सिनर ने टेनिस की दुनिया में अपना दबदबा और मजबूत कर लिया है। वह अभी दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी हैं। 21 साल के कार्लोस अल्कराज के साथ सिनर टेनिस के भविष्य माने जा रहे हैं। अल्कराज ने अब तक चार ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम कर लिए हैं। हाल ही में उन्होंने फ्रेंच ओपन और विंबलडन अपने नाम किया है। यानिक सिनर ने अपनी जीत के बाद कहा, श्यह खिताब मेरे लिए बहुत मायने रखता है।श उन्होंने कहा कि वह न्यू यॉर्क आने से पहले थोड़े परेशान थे। दरअसल, उनके दो ड्रग टेस्ट पॉजिटिव आए थे, हालांकि उन्हें किसी तरह की सजा नहीं मिली। सिनर ने आगे कहा, श्मेरा करियर का यह दौर आसान नहीं रहा है। लेकिन मेरे पास मेरी टीम और परिवार है जो मेरा साथ देते हैं। सिनर ने अपनी जीत अपनी बीमार चाची को समर्पित की। उन्होंने कहा, मुझे टेनिस से बहुत प्यार है।

## हरविंदर सिंह-प्रीति पाल रहे भारत के ध्वजवाहक, क्लोजिंग सेरेमनी का रोमांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। पेरिस पैरालंपिक 2024 अब समाप्त हो गया है। भारत ने इस पैरालंपिक में कुल 29 मेडल जीते। भारत ने 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज मेडल जीते। इससे पहले किसी भी पैरालंपिक में भारत ने इतने मेडल नहीं जीते। भारत ने पहली बार पैरालंपिक में इतने मेडल जीते हैं। वहीं पेरिस पैरालंपिक 2024 की क्लोजिंग सेरेमनी में भारत के ध्वजवाहक हरविंदर सिंह और प्रीति पाल रहे। पेरिस पैरालंपिक 2024 क्लोजिंग सेरेमनी की आधिकारिक तौर पर शुरुआत फ्रेंच सिंगर सैंटा के साथ हुई। उन्होंने शानदार अंदाज में सेरेमनी का आगाज किया। बता दें कि इस पेरिस पैरालंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी का नाम पेरिस इज ए पार्टी रखा गया है। भारत के लिए हरविंदर सिंह और प्रीति पाल पेरिस पैरालंपिक 2024 की क्लोजिंग सेरेमनी में ध्वजवाहक रहे। हरविंदेर सिंह ने तीरंदाजी में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं महिला टी35 100 और 200 मीटर में प्रीति पाल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। भारतीय तीरंदाज हरविंदर सिंह और प्रीति पाल ने शान के साथ भारत का तिरंगा पकड़ा हुआ था। दोनों सीना तान देश का फ्लैग लेकर चल रहे थे। फ्रांस के प्रेजीडेंट इम्मेनुएल मैक्रों भी पेरिस पैरालंपिक 2024 की क्लोजिंग सेरेमनी का हिस्सा बने।

## विनेश फोगाट ने ओलंपिक पर तोड़ी चुप्पी, बीजेपी पर लगाए बड़े आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले पहलवान विनेश फोगाट ने कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। पार्टी ने उन्हें जुलाना से टिकट भी दे दिया है। इसके साथ ही उन्होंने पेरिस ओलंपिक में मेडल न जीत पाने के लिए बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विनेश का कहना है कि बीजेपी ने जानबूझकर उन्हें ओलंपिक में मदद नहीं की क्योंकि बीजेपी नेताओं को लगा कि मेडल देश का नहीं, विनेश का है। 50 किग्रा कैटेगरी में खेलने वाली विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने की वजह से डिस्क्वालिफाई कर दिया गया था। विनेश फोगाट ने एबीपी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि पेरिस ओलंपिक के दौरान उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा पाया गया था। उन्होंने बताया कि उन्हें एक इंटरनेशनल लेवल की खिलाड़ी ने बताया कि उनके पास कानूनी विकल्प मौजूद थे, लेकिन भारतीय दल ने उनकी कोई मदद नहीं की। विनेश ने कहा, श्जब हम प्रोटेस्ट कर रहे थे तो हमारी एक फ्रेंड है, जो इंटरनेशनल लेवल पर स्पोर्ट्स में जानकारी रखती हैं, उन्होंने मुझे अप्रोच किया था कि ऐसी-ऐसी चीजें हैं। भारतीय दल के लोग बाद में ग्रुप में आए। विनेश फोगाट का मानना है कि अगर सही तरीके से कानूनी लड़ाई लड़ी जाती तो उन्हें मेडल मिल सकता था। उन्होंने कहा, ये देश का दुर्भाग्य है।

पेज थ्री
देहरादून

जनसुनवाई कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए मुख्य विकास अधिकारी।



देहरादून, मंगलवार, 10 सितंबर 2024



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सभी विभागों को सारा के अंतर्गत गतिमान योजनाओं को गंभीरता से लेने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण , उत्तराखण्ड की जनपद एवं अर्न्तविभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी विभागों को सारा के अंतर्गत गतिमान योजनाओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आगामी 15 दिनों के अंदर जनपदों में लंबित कार्यों का परीक्षण करवा कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, एवं जो कार्य धरातल में पूर्ण हो चुके हैं, उनके आउटकम, आंकड़े सहित पेश किए जाएं। प्रदेश के अंदर बंद पड़े हैंडपंप को पुनः रिचार्ज करने की दिशा में भी कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि बंद पड़े हैंडपंपों के माध्यम से भूजल को पुनःरिचार्ज किया जाए, जिसके लिए कार्य योजना बनाकर धरातल में उतारा जाए।

### अनिल वर्मा बने राष्ट्रीय सचिव

**संवाददाता** देहरादून। दून के अनिल वर्मा को फेडरेशन ऑफ ब्लड डोनर आर्गेनाइजेशनस ऑफ इण्डिया का राष्ट्रीय सचिव चुना गया है। वह खुद 155 बार रक्तदान कर चुके और स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं को जागरूक करने के साथ ही थैलीसीमिया मुक्त भारत अभियान में योगदान दे रहे हैं।

### टीम इंडिया का 60 सदस्यीय दल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लियोन, फ्रांस पहुंचा

**संवाददाता** देहरादून। द्विवार्षिक विश्व कौशल 2024 के 47वें संस्करण की शुरुआत के साथ, विश्व कौशल भारत टीम का 60 सदस्यीय युवा दल आज लियोन, फ्रांस पहुंचा, जो सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस वर्ष की टीम एक महत्वपूर्ण क्षण का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें महिलाएं पारंपरिक रूप से पुरुष–प्रधान क्षेत्रों जैसे वेल्डिंग, प्लंबिंग और हीटिंग में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। टीम भारत की अद्भुत विविधता को दर्शाती है, जिसमें हर क्षेत्र के प्रतिभागी शामिल हैं।

### रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के बोर्ड ने धन जुटाने की मंजूरी दी

**संवाददाता** देहरादून। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड, जो एपीआई इंटरमीडिएट्स और एपीआई व्यापार के लिए आवश्यक अन्य कच्चे माल के व्यापार में लगी हुई है, ने घोषणा की है कि कि इसके बोर्ड ने फॉरेन करन्सी कन्वर्टबल बॉन्ड, प्राइवेट प्लेसमेंट या किसी अन्य किसी भी अनुमत तरीके या इनके संयोजन के माध्यम से 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक का धन जुटाने के लिए मंजूरी दी है।

# यातायात नियमों के प्रवर्तन पर दिया जाए विशेष ध्यान

**बैठक**

■ मसचिव गृह शैलेश बगोली ने ली प्रदेश के यातायात प्रबंधन को लेकर बैठक

■ यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए सभी जनपदों में सहायता करें यातायात निदेशालयः शैलेश बगोली



**संवाददाता**

देहरादून। सचिव गृह शैलेश बगोली ने प्रदेश एवं विशेषकर देहरादून और अन्य बड़े शहरों में यातायात को लेकर पुलिस एवं परिवहन विभाग सहित अन्य सम्बन्धित एजेन्सियों के साथ बैठक की। सचिव गृह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात की समस्या के निराकरण के लिए शीघ्र ही अल्पावधिक एवं दीर्घावधिक योजनाएं तैयार की जाएं। सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा आपसी सामंजस्य से व्यापक कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यातायात निदेशालय देहरादून सहित सभी जनपदों में यातायात व्यवस्था के सुधार के लिए कार्य करेगा।

सचिव गृह ने यातायात संकुलन को दूर करने के लिए आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार की दिशा में कार्य कर रहे अन्य संस्थानों और एजेंसियों किए गए कार्यों का भी अध्ययन कराते हुए अपनी योजनाओं में शामिल किया जाए। उन्होंने अधिक यातायात संकुलन वाले स्थानों पर नयी पार्किंग चिन्हित करने के साथ ही नए सड़क मार्गों के निर्माण और पक्कीकरण पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। वाणिज्यिक संस्थानों, मॉल, रेस्टोरेंट आदि द्वारा अपनी पार्किंग को प्रयोग में लाने हेतु एन्फोर्समेंट बढ़ाया जाए।

सचिव गृह ने शहर में रेहड़ी ठेली लगाने वालों के लिए मोबाईल वेंडिंग जॉन निर्धारित करने की दिशा पर भी कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रेड लाईट वायोलेशन डिटेक्शन (लालबत्ती उल्लंघन पहचान प्रणाली) को सुचारू किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि चौराहों पर ऑटोमेटेड रेड लाईट सिग्नल्स को बढ़ाया जाए। साथ ही अधिकतर समय ऑटोमेटेड मोड को चालू रखा जाए ताकि सिस्टम यातायात प्रवाह को सीख कर खुद को अपग्रेड कर सके। उन्होंने स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के साथ लगातार सामंजस्य स्थापित करते हुए यातायात समस्याओं का निस्तारण किया जाए।

इस अवसर पर विशेष सचिव गृह श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, आईजी एवं निदेशक यातायात अरुण मोहन जोशी, अपर सचिव गृह श्रीमती निवेदिता कुकरेती, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल एवं एसएसपी देहरादून अजय सिंह सहित लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने पं.गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती पर उन्हें याद किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न पं.गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया है। पं. गोविन्द बल्लभ पंत को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, दक्ष राजनीतिज्ञ, समाजसेवी तथा कुशल प्रशासक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. पंत ने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगारी प्रथा तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर समाज में व्याप्त इन बुराइयों को मिटाने में अहम भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत ने महात्मा गांधी के आह्वान पर असहयोग आंदोलन में भागीदारी के साथ राजनैतिक जीवन की शुरूआत की थी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में साइमन कमीशन के बहिष्कार एवं नमक सत्याग्रह में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई थी।

उन्होंने कहा कि हिन्दी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने तथा उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं देश के गृहमंत्री रहते आधुनिक भारत के निर्माण में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. गोविन्द बल्लभ पंत का संघर्षशील एवं प्रेरणादायी नेतृत्व देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

# योजनाओं का लाभ पात्रों को समयबद्धता से मिले

**निर्देश**

■ जिलाधिकारी ने किया जिला समाज कार्यालय का औचक निरीक्षण



**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने आज जिला समाज कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी प्रातः 09.55 बजे सर्वे चौक स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय पंहुचे।

जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जा रही पेंशन सहित अन्य योजनाओं की ब्लॉक वार जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की स्थिति का अवलोकन भी किया। साथ ही, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी योजना का आवेदन 07 दिन से अधिक लम्बित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। आवेदन लंबित रखने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण कार्यालय में आने वाले लोगों से वार्ता भी की, उनकी समस्या सुनते हुए समाज कल्याण अधिकारी को शाम तक समस्या का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें इसके लिए पेंशन सम्बन्धी व अन्य प्रकरणों पर कोई भी आवेदन एक सप्ताह से अधिक लंबित ना रहे। आवेदन में कमियां पाए जाने की सूचना आवेदक को समय पर उपलब्ध कराते हुए कमियां दूर करते हुए अग्रिम प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

जिलाधिकारी ने सिस्टम ऑनलाईन होने के बावजूद योजनाओं के आवेदनों 15 से 18 दिन की पेंडेंसी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवेदनों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी की पेंशन योजना के आवेदन 7 दिन से अधिक लंबित रखने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण कार्यालय में अभिलेखों का ठीक से रख रखाव न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, अभिलेखों का उचित रखरखाव करने के निर्देश दिए।

### जनसुनवाई कार्यक्रम में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में आज 95 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें अधिकतर मामले भूमि सम्बन्धी प्राप्त हुए, इसके अतिरिक्त विद्युत, श्रम, नगर निगम, एमडीडीए, लोनिवि, एनएच, आदि विभागों से समबन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तथा आज प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही से अगली जनसुनवाई में वस्तुस्थिति से अवगत करायेगें। जनसुनवाई में आज सारथी विहार निवासी महिला द्वारा शिकायत की गई कि एक व्यक्ति द्वारा उनके रास्ते को निजी भूमि बनाकर रास्ता बन्द कर दिया है, जिस पर उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।